Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to run Arunachal Superfast Express (Train No. 22411/12) via Kushinagar in Uttar Pradesh

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र कुशीनगर है, जिसकी आबादी लगभग तीस लाख है। यह एक ऐतिहासिक स्थल है, जहाँ महात्मा बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ था। यह सभी बौद्ध देशों के लिए धार्मिक स्थल है। इस कारण से यह एक अंतराष्ट्रीय पर्यटन स्थल भी है, जहाँ विश्व भर के बौद्ध तीर्थ यात्री दर्शन के लिए आते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र कुशीनगर से देश के पूर्वी राज्यों यथा असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम जाने के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं है। मेरे कुशीनगर क्षेत्र के निवासियों को दूसरे जिले में जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। यहाँ मै बताना चाहूंगा कि मेरे जिले में विदेशी पर्यटकों का आगमन भी बहुत ज्यादा है एवं ट्रेन के लिए व्यापारिक संभावनाएं भी बहुत हैं। मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि रेल संख्या 22411/22412 अरुणाचल सुपर फास्ट एक्सप्रेस को गोरखपुर से वाया कप्तानगंज, सिवान होते हुए डायवर्ट कर दिया जाए तो इससे कुशीनगर जिले के लोगों को एवं बौद्ध तीर्थ यात्रियों को पूर्वोत्तर राज्यों में आने जाने के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी।